तथ्य पत्रक
सितंबर 2022

# NSW में प्लास्टिक सिंगल-यूज़ स्ट्रॉ की सप्लाई करने की अनुमति किसे है: निर्माता, उत्पादक और थोक व्यापारी

यह दस्तावेज़ **प्लास्टिक रिडक्शन एंड सर्कुलर इकोनॉमी एक्ट 2021 (Plastic Reduction and Circular Economy Act 2021 – PRCE Act)** के तहत बनाए गए *प्लास्टिक सिंगल-यूज़ स्ट्रॉ छूट 2022 (Plastic Single-Use Straw Exemption 2022)* पर निर्माताओं, उत्पादकों और थोक विक्रेताओं के लिए मार्गदर्शन प्रदान करता है।

1 नवंबर 2022 के बाद NSW में व्यवसाय करते समय प्लास्टिक सिंगल-यूज़ स्ट्रॉ देना सामान्यतः एक अपराध होगा। इसमें वाणिज्यिक, धर्मार्थ, खेल, शैक्षिक या सामुदायिक उद्देश्यों के लिए गतिविधि करते समय प्लास्टिक सिंगल-यूज़ स्ट्रॉ देना शामिल है, और इसमें गैर-लाभकारी व्यवसाय, भागीदारी और एकल व्यापारी शामिल हैं।

*प्लास्टिक सिंगल-यूज़ स्ट्रॉ छूट 2022* उन व्यक्तियों को प्लास्टिक सिंगल-यूज़ स्ट्रॉ की निरंतर आपूर्ति की अनुमति देता है, जिन्हें विकलांगता या अन्य चिकित्सा आवश्यकता के कारण प्लास्टिक सिंगल-यूज़ स्ट्रॉ की आवश्यकता होती है, या किसी व्यक्ति को या संगठन को इसकी अनुमति देता है जो उनकी ओर से कार्य कर रहा है।

यदि आप प्लास्टिक सिंगल-यूज़ स्ट्रॉ के निर्माता, उत्पादक या थोक व्यापारी हैं, यदि आपने यह ध्यान रखा है कि प्लास्टिक सिंगल-यूज़ स्ट्रॉ की आपूर्ति निम्नलिखित को की जाती है, तो आप इनकी आपूर्ति कर सकते/ती हैं:

- एक व्यक्ति या संगठन जिसे प्लास्टिक सिंगल-यूज स्ट्रॉ की आपूर्ति करने की अनुमति है:
  - व्यावसायिक उद्देश्य के लिए या धर्मार्थ, खेल, शैक्षिक या सामुदायिक उद्देश्यों के लिए भोजन या पेय पदार्थ प्रदान करने वाले व्यक्ति या संगठन (उदाहरण के लिए, रेस्तरां, कैफे (बोर्ड ट्रेनों सहित), मोबाइल खाद्य ट्रक, स्कूल कैंटीन, खेल कियोस्क, फण्डरेज़र सॉसेज सिज़ल)
  - एक गैर-लाभकारी व्यवसाय, एक साझेदारी या भोजन या पेय पदार्थ प्रदान करने वाला एकल व्यापारी (उदाहरण के लिए, बाजार का एक स्टाल)
  - एक चिकित्सा सुविधा (उदाहरण के लिए, एक अस्पताल, सामान्य चिकित्सक क्लिनिक)
  - एक दंत चिकित्सालय (डेंटल क्लिनिक)
  - एक देखभाल सुविधा (उदाहरण के लिए, एक नर्सिंग होम, चाइल्डकेयर सेंटर)
  - एक रोगी परिवहन सुविधा (उदाहरण के लिए, एक एम्बुलेंस)
  - ऐसा स्थान जहाँ घर में देखभाल प्रदान की जा रही है
  - कोई फार्मेसी या केमिस्ट
  - एक स्थानीय सरकारी कार्यालय जहाँ सामान्य जन जाते हैं (उदाहरण के लिए, कोई परिषद प्रशासन भवन)
  - एक पंजीकृत धर्मार्थ संगठन (आप ऑस्ट्रेलियाई चैरिटी और नॉट-फॉर-प्रॉफिट कमीशन के डेटाबेस की जाँच से यह पता लगा सकते हैं कि चैरिटी पंजीकृत है या नहीं)
  - प्लास्टिक सिंगल-यूज़ स्ट्रॉ का कोई ऑनलाइन आपूर्तिकर्ता
  - प्लास्टिक सिंगल यूज स्ट्रॉ का थोक व्यापारी।
- कोई व्यक्ति जिसे विकलांगता या अन्य चिकित्सा आवश्यकता के कारण इसकी आवश्यकता होती है, या उनकी ओर से कार्य करने वाले व्यक्ति या संगठन। शिक्षक

जबकि आपको PRCE अधिनियम या छूट के तहत प्लास्टिक सिंगल-यूज़ स्ट्रॉ देना ज़रूरी नहीं है, हो सकता है कि आप ऐसा करना चाहें क्योंकि इससे उन लोगों को मदद मिलती है जिन्हें सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन जीने के लिए उनकी आवश्यकता होती है।

## यथोचित सावधानी

स्वयं को आश्वस्त करने के लिए उचित सावधानी बरतें कि प्लास्टिक सिंगल-यूज़ स्ट्रॉ की आपूर्ति किसी ऐसे संगठन या व्यक्ति को की जाती है:

- छूट (और ऊपर सूचीबद्ध) में निर्धारित तरीके के अनुसार प्लास्टिक सिंगल-यूज़ स्ट्रॉ की आपूर्ति करने की अनुमति है, या
- विकलांगता या अन्य चिकित्सा आवश्यकता के कारण इसकी आवश्यकता है (या तो उनकी स्वयं की या जिसकी ओर से वे कार्य कर रहे हैं) ।

इसमें उचित जाँच करना या क्रियाविधि शामिल हो सकते हैं, जैसे कि खरीदने से पहले एक बयान या ईमेल पुष्टि की आवश्यकता होना।

विचार करें कि क्या परिस्थितियों के आधार पर कोई और पूछताछ या उपाय आवश्यक हैं। उदाहरण के लिए:

- एक कारक जो यह प्रभाव डालता है कि कौन से उपाय आवश्यक हैं, वह स्ट्रॉ की माँगी गई मात्रा है: अधिक पूछताछ की आवश्यकता तब हो सकती है जब कोई संगठन बड़ी मात्रा में स्ट्रॉ के लिए ऑर्डर देता है, बजाए इसके कि कोई व्यक्ति कम मात्रा में स्ट्रॉ के लिए ऑर्डर देता है। जब आपको अधिक मात्रा में स्ट्रॉ के लिए ऑर्डर मिलता है तो आप संगठन की पहचान और उद्देश्य की पुष्टि करने के लिए संगठन की वेबसाइट की समीक्षा करके इस बारे में और अधिक जानकारी ले सकते/ती हैं।

NSW Environment Protection Authority **(एनएसडब्ल्यू पर्यावरण संरक्षण प्राधिकरण)**

**ईमेल:** info@epa.nsw.gov.au | **वेबसाइट:** www.epa.nsw.gov.au

EPA 2022P4006 | ISBN 978 1 922778 55 0 | सितंबर 2022

EPA **डिस्क्लेमर (अस्वीकरण)** और **कॉपीराइट** संबंधी जानकारी EPA वेबसाइट पर उपलब्ध है।

# त्वरित संदर्भ मार्गदर्शिका

**नोट:** स्ट्रॉ' एक प्लास्टिक सिंगल-यूज स्ट्रॉ को संदर्भित करता है।

**नोट:** ऊपर दिए गए निर्देशों के साथ इस तालिका को पढ़ें।

| आपूर्तिकर्ता का प्रकार | आप किसे आपूर्ति कर सकते/ती हैं? | क्या आप शुल्क ले सकते/ती हैं? | क्या आप निर्बाध रूप से स्ट्रॉ दे सकते/ती हैं या यह ज़रूरी है कि आपसे इसकी माँग की जाए? | क्या आपको सबूत माँगने की ज़रूरत है? | क्या आप एक से अधिक स्ट्रॉ दे सकते/ती हैं? | क्या आप स्ट्रॉ खुले में रख सकते/ती हैं? |
|---|---|---|---|---|---|---|
| निर्माता, उत्पादक या थोक व्यापारी | कोई व्यवसाय या संगठन जिसे प्लास्टिक सिंगल-यूज़ प्लास्टिक स्ट्रॉ की आपूर्ति करने की अनुमति है (अर्थात, इस दस्तावेज़ के पृष्ठ 1 पर सूचीबद्ध व्यक्ति या संगठन)<br>कोई व्यक्ति जिसे विकलांगता या अन्य चिकित्सा आवश्यकता कारणों से इसकी आवश्यकता होती है, या उनकी ओर से कार्य करने वाले व्यक्ति/संगठन | ✓ हाँ | निर्बाध रूप से स्ट्रॉ दे सकते/ती हैं | ✓ हाँ - आपको अपने आप को आश्वस्त करने के लिए उचित सावधानी बरतनी होगी कि आपूर्ति एक ऐसे व्यवसाय या संगठन के लिए है जिसे स्ट्रॉ की आपूर्ति करने की अनुमति है, या किसी ऐसे व्यक्ति के लिए जिसे स्ट्रॉ की आवश्यकता है (या उनकी ओर से कार्य करने वाला कोई व्यक्ति) ) | ✓ हाँ | आपको ऐसा सुझाव नहीं दिया जाता, लेकिन ये उन लोगों को आसानी मिल जानी चाहिए जिन्हें स्ट्रॉ खरीदने की अनुमति है |